This question paper contains 3 printed pages]

**Roll No.** | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **4097**

Unique Paper Code : **2051002005**

Name of the Paper : **Hindi E : Compulsory Hindi Syllabus (CHS)**

Name of the Course : **Common Prog. Group (AEC)-Hindi-E**

Semester : **IV**

Duration : **2 Hours** Maximum Marks : **60**

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार अथवा अनुनासिक का प्रयोग कीजिए : 6

   हसमुख, बासुरी, कस, जगल, अश, ध्वनिया।

2. निम्नलिखित में से विदेशी ध्वनियों वाले **छः** शब्द पहचानकर लिखिए : 6

   राज़, गमला, गज़ल, कॉल, लड़का, ख़ुदा, फ़ल, खिड़की कागज़, लोटा, भैंस।

3. निम्नलिखित वाक्यों में उचित स्थानों पर विराम चिह्न का प्रयोग कीजिए : 6

   (*i*) हवा चली पानी बरसा और ओले गिरे

   (*ii*) मोहन ने सोचा आज आराम करूँगा

   (*iii*) अनघ रसज्ञ और वंश कहाँ जा रहे हैं

P.T.O.

4. निम्नलिखित वाक्यों को हिंदी की वाक्य संरचना के अनुसार व्यवस्थित कीजिए : 6

(*i*) शहीदों का देश सदा आभारी रहेगा।

(*ii*) अपनी बात आपको मैं बताता हूँ।

(*iii*) ध्यानपूर्वक विद्यार्थियों को पढ़ाई करनी चाहिए।

(*iv*) पुस्तक कहाँ मिली यह आपको ?

(*v*) घास गाय खा रही है।

(*vi*) गाय का ताकतवर दूध होता है।

5. पुस्तक की दुकान पर खरीददारी करते हुए, होने वाले संवाद को लिखिए। 6

6. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर 100 शब्दों में लेख लिखिए : 10

(*i*) महाविद्यालय में होने वाले उत्सव

(*ii*) किसी पर्वतीय प्रदेश की यात्रा।

7. इन दिनों देखी हुई किसी **एक** हिंदी फिल्म का 100 शब्दों में संवाद लिखिए। 10

**अथवा**

भारतीय पर्व 'दीपावली' पर 100 शब्दों में निबंध लिखिए।

8. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

बाल मजदूरी बच्चों से लिया जाने वाला वह काम है, जो जबरन बच्चों से उनके मालिकों द्वारा करवाया जाता है। यह एक दबावपूर्ण व्यवहार है, जो मालिकों द्वारा किया जाता है। बचपन पर सभी बच्चों का जन्मसिद्ध अधिकार है। जो माता-पिता के प्यार और देखरेख में उन्हें मिलना चाहिए। पर यह गैरकानूनी कृत्य बच्चों को बड़ों की तरह जीने पर मजबूर करता है। इसके कारण बच्चों के जीवन

में अनेक प्रकार की कमियाँ रह जाती हैं। बाल मजदूरी करने वाले बच्चों की न तो उचित शारीरिक वृद्धि हो पाती है और न ही मस्तिष्क का समुचित विकास हो पाता है। इसी वजह से बच्चों के बचपन के सुनहरे सपने बिखर जाते हैं और उनका भविष्य अंधकारमय हो जाता है । जिस उम्र में उन्हें माता-पिता का प्यार मिलना चाहिए था, उन्हें स्कूल जाने का अवसर मिलना चाहिए था, अन्य बच्चों की तरह खेल-कूद के अवसर मिलने चाहिए थे, उन सबसे ये बच्चे वंचित रह जाते हैं। बाल मजदूरी को पूरी तरह से रोकने के लिए जरूरी है कि बाल-मजदूरी कराने वाले लोगों पर सरकार कड़ी कार्रवाई करे और उन बच्चों को भी जीने का अवसर प्रदान करे।

*(i)* बाल मजदूरी से क्या तात्पर्य है ?

*(ii)* बाल मजदूरी से बच्चों को क्या नुकसान होता है ?

*(iii)* बाल मजदूरी करने वाले बच्चे किन-किन कार्यों से वंचित रह जाते हैं ?

*(iv)* बाल मजदूरी को पूरी तरह से रोकने के लिए क्या जरूरी है ?

*(v)* गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।